श्रमायुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश

518 न्यू मोती बंगला, एम.जी. रोड, इन्दौर – 452007

Phone: 0731-2432822, Fax : 0731-2536600

Email : lcmpenf@mp.gov.in Website :http:// labour.mponline.gov.in

क्रमांक: 10/ई-मेल/नवम/प्रवर्तन/2025/ 7437-90 इन्दौर, दिनांक 03/03/25

प्रति,

(1) समस्त सहायक श्रमायुक्त, संभागीय श्रम कार्यालय (म.प्र.)

(2) श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी/श्रम निरीक्षक/ कल्याण पर्यवेक्षक, जिला श्रम कार्यालय (म.प्र.)

विषय:- कम्प्यूटराइज्ड केन्द्रीकृत निरीक्षण व्यवस्था (CIS) पोर्टल पर संस्थानों को जोडने एवं बंद संस्थानों को पोर्टल से हटाने के संबंध में ।

उपरोक्त विषयांतर्गत जिला श्रम कार्यालयों द्वारा CIS पोर्टल पर जिले में पंजीकृत संस्थानों की सूची प्रेषित करते हुए संस्थानों को जोडने एवं हटाने हेतु अनुमति बाबद् पत्र प्रेषित किए जाते है।

उक्त संबंध में अवगत हो कि MPIDC द्वारा निर्मित कम्प्यूराइज्ड केन्द्रीकृत निरीक्षण व्यवस्था (CIS) के अंतर्गत जिलों में पंजीकृत स्थापनाओं को जोड़ने एवं बंद स्थापनाओं को पोर्टल से हटाने की सुविधा MPIDC द्वारा संबंधित जिलों के लॉगिन आई.डी. पर ही उपलब्ध करा दी गई है, जिसके माध्यम से वे स्वयं समय-समय पर निरीक्षण योग्य संस्थानों को जोड़ सकते है एवं बंद संस्थानों को पूर्व में कार्यालयीन पत्र क्र. **LCMP/IT/99/2021/32689-742 एवं दिनांक 23/10/2024** द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार समुचित जांच के पश्चात् हटा सकते है साथ ही संस्थानों को सुथानांतरित करने तथा संस्थानों को अस्थायी एवं स्थायी रूप से बंद दर्शाने की सुविधा भी जिला कार्यालयों को उनके लॉगिन आईडी पर ही उपलब्ध कराई गई है। इसके संबंध में सभी जिला अधिकारियों का प्रशिक्षण भी कराया गया है ।

अत: निर्देशित किया जाता है कि समस्त जिला कार्यालयों में उपर्युक्तानुसार कार्यवाही अपने स्तर से ही सुनिश्चित की जावें । उक्त के संबंध में पृथक से मुख्यालय स्तर से अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी।

उक्त प्रक्रिया संपादित करने में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर CIS के हेल्प डेस्क ई-मेल आई.डी.- helpdesk@mpidc.co.in दूरभाष (0755) 2559979, 9926371354 एवं 6268235118 पर संपर्क किया जा सकता है ।

(रजनी सिंह)
श्रमायुक्त
मध्यप्रदेश, इन्दौर

क्रमांक : 10/ई-मेल/नवम/प्रवर्तन/2025/ 7491 इन्दौर,दिनांक 03/03/25

प्रतिलिपि :-

प्रभारी , आई.टी. शाखा मुख्यालय, इंदौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

श्रमायुक्त
मध्यप्रदेश, इन्दौर